Suppl 1 Piece 4

क्रूस के पास स्त्रियां

क्रूस पर मसीह के *पहले* तीन घण्टों के दौरान यूहन्ना की सूचियों के अनुसार ये स्त्रियां ''यीशु के क्रूस के पास'' ही थीं: ''उसकी माता [मरियम] और उसकी माता की बहिन, क्लोपास की पत्नी मरियम और मरियम मगदलीनी'' (यूहन्ना 19:25)। यह सम्भव है कि ''क्लोपास की पत्नी मरियम'' यीशु की माता की बहन थी, पर हमें शायद यह समझना आवश्यक है कि दोनों अलग-अलग थीं। जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे ने इस निष्कर्ष के लिए इस सूची सहित कई कारण बताए हैं।[1] (1) ऐसा लगता नहीं है कि दो बहनों का नाम मरियम ही हो-(2) ''यूहन्ना स्त्रियों के दो जोड़ों के बारे में बताता है, जिनमें हर जोड़े के साथ 'और' लगा है। पहला जोड़ा यीशु का सम्बन्धी है, और अनाम है, और दूसरे जोड़े के समानांतर है, जो सम्बन्धी नहीं है, जिसके नाम दिए गए हैं। इब्रानी लेखक अक्सर समान शब्दों का इस्तेमाल करते थे।''[2] (3) मरियम की बहन को अनाम रहने देने से अपने परिवार में से किसी का नाम न लेने की यूहन्ना की बात से मेल खाएगा। (यूहन्ना ने कभी अपना, अपने भाई याकूब का या अपनी माता का नाम नहीं लिया; न ही उसने यीशु की माता का नाम लिया, जो रिश्ते में उसकी मौसी हो सकती है।) हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि यूहन्ना ने *चार* स्त्रियों का नाम दिया।

क्रूस पर यीशु के *अंतिम* तीन घण्टों के दौरान अर्थात यीशु की माता के चले जाने के बाद (यूहन्ना 19:26, 27) *तीन* स्त्रियां अभी भी क्रूस को, ''दूर से देख रही थीं'' (मत्ती 27:55; मरकुस 15:40)। इन स्त्रियों के मत्ती द्वारा दिए गए नाम इस प्रकार हैं: ''मरियम मगदलीनी और याकूब और योसेस की माता मरियम और जब्दी के पुत्रों की माता'' (मत्ती 27:56)। मरकुस ने ''मरियम मगदलीनी और छोटे याकूब की और योसेस की माता मरियम और सलोमी'' (मरकुस 15:40) का नाम दिया है। मत्ती और मरकुस की सूचियों में दो नाम मिलते-जुलते हैं: मरियम मगदलीनी और (छोटे) याकूब और यूसुफ (योसेस) की माता मरियम। इससे यह संकेत मिलेगा कि मरकुस की सूची वाली ''सलोमी'' मत्ती की सूची वाली ''जब्दी के पुत्रों की माता'' ही है। अन्य शब्दों में, सलोमी ही याकूब और यूहन्ना की माता थी।

मरियम मगदलीनी यूहन्ना की पहली तथा मत्ती और मरकुस की बाद की सूचियों में मिलती है, जिस कारण बहुत से विद्वानों का मानना है कि ये नाम उन्हीं स्त्रियों के हैं। यदि यह बात है तो पिछले दो पदों में निकाले गए निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए, इन सूचियों की तुलना इस प्रकार है:

यूहन्ना की सूची	*मत्ती और मरकुस की सूचियां*
यीशु की माता मरियम	(दृश्य से चली गई)
यीशु की माता की बहन	जब्दी की पत्नी, सलोमी
क्लोपास की पत्नी, मरियम	याकूब और यूसुफ की माता, मरियम
मरियम मगदलीनी	मरियम मगदलीनी

क्योंकि "अन्य बहुत सी स्त्रियां भी" वहां थीं (मरकुस 15:41), इसलिए इस विचार के बारे में संदेह नहीं किया जा सकता कि सलोमी यीशु की माता मरियम की बहन थी; परन्तु काफ़ी सम्भावना है कि ऐसा ही था। जैसा कि पहले ध्यान दिलाया गया था, इसका अर्थ यह हुआ कि प्रेरित याकूब और यूहन्ना रिश्ते में यीशु के भाई थे।

टिप्पणियां

[1]जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे एण्ड फिलिप वाई. पैंडलटन, *द फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़ द फ़ोर गॉस्पल्स* (सिंसिनटी: स्टैण्डर्ड पब्लिशिंग कं., 1914), 225. [2]वही।